Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ **ए.सी.बी. के नये महानिदेशक श्री राजीव शर्मा ने कार्यभार ग्रहण किया**

जयपुर, *1 फरवरी, गुरूवार।* भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान के मुख्यालय झालाना संस्थानिक क्षेत्र में आज नव नियुक्त **श्री राजीव शर्मा ने महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो** का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के तत्काल बाद **महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो श्री राजीव शर्मा** द्वारा उपस्थित शीर्ष अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित किया।

महानिदेशक श्री राजीव शर्मा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार की रोकथाम के प्रति बेहद संवेदनशील है। राज्य सरकार की नीति के अनुरूप हमें एक मजबूत टीम के रूप में कार्ययोजना बनाकर भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने होंगे।

इस अवसर **महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो श्री शर्मा** ने यह भी कहा कि आम नागरिक को सरकारी कार्यों में भ्रष्टाचार से होने वाली पीड़ा को हमें समझना होगा और उसे ऐसी परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़े, इस दिशा में कार्य करना होगा। संगठित भ्रष्टाचार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

एसीबी के महानिदेशक श्री राजीव शर्मा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**